## खबर संक्षेप

### डॉक्टर संगीता प्रजापति ने दी स्वच्छता संबंधी जानकारी




**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास मे रविवार को आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संगीता प्रजापति ने पहुंचकर बालिकाओं के स्वास्थ्य संबंधित जांच कर शारीरिक मानसिक एवं स्वच्छता संबंधित स्वच्छता की जानकारी दी। मानसिक अवसाद से कैसे अपने को दूर रखे। छात्रावास मे विगत दस बर्षो से चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए डाक्टर संगीता प्रजापति को अधीक्षिका स्नेहलता मार्को को शील्ड भेट कर सम्मानित किया गया। छात्रावास मे बालिकाओं के द्वारा अपनी कला की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम मे रीना उर्मिला नसरीन बानों सहित 80 बालिकाएं उपस्थित रही।

### उमरिया नगर में खिलाड़ियों ने निकाली भव्य रैली



**उमरिया।** जिला मुख्यालय स्टेडियम में 1 दिसंबर से 6 दिसंबर तक चलने वाली 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए दिल्ली, तमिलनाडू, मेघालय, उत्तराखंड, मणिपुर, राजस्थान, पंडूचेरी, केरल, हिमांचल प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, महाराष्ट्र, चंडीगढ पश्चिम बंगाल, सीबीएसई, तेलांगना, उत्तरप्रदेश, झारखंड, विद्याभारती, मध्यप्रदेश तथा जम्मूकशमीर की टीम ने स्टेडियम से भव्य रैली निकाली जो पुराना कलेक्टर बंगला, रणविजय चौक, गांधी चौक, जय स्तंभ चौक, अस्पताल तिराहा होते हुए पुनः स्टेडियम पहुंची । रैली में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी सहित खिलाडी, खिलाडियो के कोच तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

### उमरिया जिले में एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिले मे अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के मान से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 कार्यक्रम के तहत 4 नवंबर से बीएलओ द्वारा घर-घर गणना पत्रक विधानसभा क्षेत्र 89-बांधवगढ़ एवं 90-मानपुर ने 613 मतदान केन्द्रों में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण एवं वापसी हेतु रूपरेखा तैयार की गई। मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण एवं वापसी हेतु बीएलओ के सहयोग के लिए जिले के समस्त ऑगनवाडी कार्यकर्ता/सचिव/पटवारी/ग्राम रोजगार सहायक/आशा कार्यकर्ता/कोटवारों एवं नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी की ड्यूटी लगाई गई तथा बीएअलो के द्वारा गणना पत्रक वितरण एवं डिजिटाईजेशन कार्य हेतु 10-10 मतदान केन्द्रों हेतु 01 बीएलओ सुपरवाईजर नियुक्त किया गया तथा बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर के कार्य की मॉनिटरिंग हेतु प्रत्येक तहसील में संबंधित नायब तहसीलदार की ड्यूटी लगाकर प्रतिदिन गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा कर आयोग के निधारित समय-सीमा के पूर्व 30 नवंबर 2025 तक विधानसभा क्षेत्र 89-बांधवगढ के 231021 एवं 90-मानपुर के 251908 कुल 482929 मतदाताओं के गणना पत्रक जिले के समस्त 613 मतदान केन्द्रों में 100 प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण कराया गया, फलस्वरूप मध्यप्रदेश में जिले को मतदान केन्द्रों में 100 प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाईजेशन कार्य कराने वाले प्रथम 10 जिले में शामिल रहा ।








## खेल से शरीर में उर्जा का संचार होता है: कमिश्नर

# फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

खेल से शरीर मे उर्जा का विकास होता है । खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए । खेल में हार जीत मायने नही रखती है, बल्कि हार से कुछ सीखते हुए अगले मैच के लिए खुद को तैयार करें।







### खिलाड़ी खेल भावना के साथ अपने खेल का प्रदर्शन करें: कलेक्टर

**उमरिया।**

उक्त आशय के विचार कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने स्टेडियम उमरिया में 1 दिसंबर से 6 दिसंबर तक चलने वाली 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए । उन्होंने खिलाडियो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे जज्बे के साथ इस खेल प्रतियोगिता में भाग लें ।उन्होने कहा कि विभिन्न राज्यो से आए खिलाडियो को यहां पर अनूठा अनुभव मिलेगा । सभी खिलाडियो मे क्षमता वर्धन के लिए खेल का अत्यधिक महत्व है। खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने सभी खिलाडियो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए खेल का हमारे जीवन में अधिक महत्व है। खेल जीवन में बहुत जरूरी है । खेलने से बहुत सी बीमारियों से भी निजात मिलती है ।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि 1 दिसंबर से 6 दिसंबर तक चलने वाले 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक फुटबॉल प्रतियोगिता में 33 राज्यों के 697 प्रतिभागी भाग लेगे तथा 40 आफिसियल्स एवं 60 स्थानीय आफिसियल्स भाग ले रहे । खिलाडियो तथा कोचो के लिए ठहरने , परिवहन की व्यवस्था की गई है। खिलाडी खेल भावना के साथ इस फुटबाल प्रतियोगिता को खेले तथा जीत अर्जित करें । कार्यक्रम को आसुतोष अग्रवाल तथा राकेश शर्मा ने संबोधित करते हुए खिलाडियो को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाहर से आई टीमो व्दारा मार्च पास्ट किया गया तथा खेल ध्वज तथा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। कार्यक्रम में कटनी की बेल वेदर स्कूल व्दारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसमें खिलाडियो सहित गणमान्य नागरिक झूम उठे।इसी तरह फूलचंद्र के नेतृत्व में बिजहरिया के कलाकारो व्दारा कर्मा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई । प्रथम दिन गुजरात एवं सीबीएसई डब्ल्यूएसओ तथा आईपीएससी एवं बिहार के बीच फुटबाल का मैच खेला गया । सर्व प्रथम खिलाडियों से कमिश्नर ने परिचय प्राप्त किया तथा जीत के लिए शुभकामनाएं प्रेशित कि तथा मैच का शुभारंभ कमिश्नर शहडोल संभाग ने फुटबाल को किक मारकर किया। कार्यक्रम मे खिलाडियो तथा कोचो को किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, राकेश प्रताप सिंह, राकेश शर्मा, धनुषधारी सिंह, दीपू छत्तवानी सहित बड़ी संख्या में खिलाडी उपस्थित रहे ।









# गीता महोत्सव के अवसर पर गीता के 15वें अध्याय का किया गया वाचन

### गीता केवल ग्रंथ नहीं, मानव जीवन की जटिल समस्याओं का शाश्वत समाधान है: कमिश्नर शहडोल संभाग

### श्रीमदभागवत गीता से निष्ठापूर्वक अपने कर्मपथ पर दृढ होकर चलने की अभिप्रेरणा मिलती है: विधायक बांधवगढ़


**उमरिया।**

कुरुक्षेत्र वह पवित्र भूमि है, जहाँ भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के अंतर्मन के द्वंद्व को ज्ञान के प्रकाश से हर लिया था। जीवन स्वयं एक महायुद्ध है। धर्म और अधर्म का, कर्तव्य और मोह का। गीता हमें सिखाती है कि संघर्षों के बीच भी मन को कैसे स्थिर और संतुलित रखा जाए। यह विचार कमिशनर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शासकीय कॉलरी स्कूल में गीता महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

उन्होने कहा कि गीता एक धार्मिक ग्रंथ नही है बल्कि एक दर्शन है।अगर सही दृष्टि से गीता को पढ़ा एवं समझा जाए तो गीता में जीवन का रहस्य छिपा हुआ है । गीता की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में समस्याओं से अधिक महत्व उनके समाधान की विधियों का है। जीवन में क्या करें और क्या न करें की विकट स्थिति (कर्तव्य-अकर्तव्य) जब उत्पन्न होती है, तब गीता ही हमारा मार्गदर्शन करती है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने कहा कि श्रीमदभागवत गीता से निष्ठा पूर्वक अपने कर्मपथ पर दृढ होकर चलने की अभिप्रेरणा मिलती है। महायुध्द के दौरान अर्जुन के गहन संशयो और जिज्ञासाओ से उपजे प्रश्नों के समाधान स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण ने ज्ञान योग , कर्म योग, भक्ति योग के त्रिगत संयोग से सनातन के आधारभूत चिंतन की भूमि तैयार की है, जो आज भी और आने वाली पीढियो को भी अपने आलोक से उर्जस्वित करती रहेगी।

कलेक्टर धरणेंन्द्र कुमार जैन ने कहा कि श्रीमद भागवतगीता भारतीय मनीषा के दर्शन और चिंतन का मूल आधार है, जो सदकर्म के माध्ययम से मनुष्य को अपने मे ही दिव्यता का अनुभव करा देती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री आसुतोष अग्रवाल ने कहा कि श्रीमदभागवत गीता समस्त मानव समाज को स्व धर्म का आत्मक बोध देती है , यह कर्तव्य पथ की ओर प्रशस्तस करती है । इस अवसर पर आचार्यो व्दारा गीता के 15वें अध्याय का वाचन किया गया जिसे उपस्थित जनों ने दोहराया । इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, प्रभारी एसडीएम कमलेश नीरज, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डा पूजा व्दिवेदी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्रा ने किया ।

## अखंड मानस पाठ का आज समापन




**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** सेवानिवृत्त गौरीशंकर तिवारी पूर्व कार्यालय अधीक्षक, एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र एवं लक्ष्मीकांत तिवारी सेवानिवृत्त पदाधिकारी के सम्मान में 30 नवंबर 2025 से विशेष धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत हो रही है। सेवानिवृत्ति पर अखंड मानस पाठ रामायण का आयोजन किया गया है, जिसका प्रारंभ 1 दिसंबर से हुआ जबकि पूर्णाहुति एवं भंडारा आज आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक दुर्गा मंदिर, गोविंदा कालरी में संपन्न होगा



### सांदीपनि मॉडल उमावि पुष्पराजगढ़ गीता महोत्सव संपन्न

**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** 1 दिसंबर को शासकीय सांदीपनि माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुष्पराजगढ़ में गीता महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गीता महोत्सव कि इस पुनीत अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक गण उपस्थित होकर गीता के 15वें अध्याय के श्लोकों का वाचन किया। तत्पश्चात गीता के विषय में सभी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। गीता एक पावन पवित्र ग्रंथ है जो व्यक्ति को निष्काम भाव से कर्म करने की प्रेरणा देता है। गीता महोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थी विपिन कुमार चंद्रवंशी, रमेसिया चंद्रवंशी, दुर्गा बघेल, रोशनी के द्वारा गीता के एक-एक श्लोक का वाचन किये तथा गीता के श्लोकों अर्थ भी बताए।

## अव्यवस्था एवं लापरवाही के बीच संपन्न हुआ गीता महोत्सव



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा नगर पालिका अंतर्गत मॉडल स्कूल में सोमवार को गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन पूरी तरह अव्यवस्था एवं लापरवाही के बीच संपन्न हुआ। आयोजन समिति नगर पालिका के द्वारा नगर के प्रतिष्ठित नागरिको ,शासकीय अधिकारियों सहित धार्मिक प्रमुखों के पास किसी प्रकार की सूचना देना उचित नहीं समझी गई। नतीजन शासन की महत्वपूर्ण योजना नगर पालिका परिषद तक ही सिमट कर रह गई। मंच में जनप्रतिनिधियों के साथ कुछ विवादित तत्वों को मंच में बैठने से पूरे नगर में चर्चा का विषय बना रहा। तेज धूप के बीच छात्राओ को 2 घंटे से ज्यादा समय तक जमीन पर बैठने को विवश किया गया। इस दौरान पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं कराया गया। वहीं अतिथि बोतल बंद पानी का उपयोग करते नजर आए। पूरे मामले को लेकर मॉडल स्कूल प्रबंधन का कहना रहा कि नगर पालिका द्वारा आयोजन एवं सम्पूर्ण व्यस्था किया गया था। शासकीय कार्यक्रम होने के कारण छात्राओं को शामिल कराया गया। तेज धूप होने के कारण छात्राओं को परेशानी उठानी पड़ी।

## सड़कों पर रखे भवन निर्माण सामग्री यातायात कर रहे प्रभावित



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर पालिका क्षेत्र में सड़कों पर भवन निर्माण हेतु मांगे गए सामग्री रेट गिट्टी ईट एवं अन्य सामग्रियों को सड़कों पर रखवा दिया जाता है जिसके कारण आवागमन करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर में यह हाल किसी एक सड़क का नहीं है नगर में कहीं भी चले जाइए मुख्य सड़क पर भवन निर्माण सामग्री दिख जाएगी लेकिन यह नगर पालिका के जिम्मेदारों को नजर नहीं आता है। नगर के सबसे व्यस्त रहने वाला मार्ग स्टेशन चौक के पास नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण ठेकेदार के माध्यम से करवाया जा रहा है जिसके द्वारा एक तरफ की सड़क को ही पूरी तरह से निर्माण सामग्री रखने के उपयोग में ठेकेदार के द्वारा लेते हुए सड़क जाम कर दिया गया है। पूर्व में ठेकेदार के द्वारा एक तरफ की सड़क में टीना लगाकर घेर लिया गया था जिसका विरोध भाजपा के मंडल अध्यक्ष के साथ ही जनप्रतिनिधियों ने करते हुए नगर पालिका से अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही की गई थी, लेकिन वर्तमान में ठेकेदार के द्वारा एक तरफ की सड़क में गिट्टी एवं राहत रखवा दिए जाने के कारण पूरी तरह से सड़क जाम हो गई है जिसके कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि यह मुख्य चौक है और 24 घंटे लोगों का आवागमन बना रहता है लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदारों को यह नजर ही नहीं आता है और ना ही अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही की जा रही है। नागरिकों ने जिला कलेक्टर से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# सिविल विभाग की मनमानी से मंडल कर्मचारी परेशान

### हर माह लाखों का टेंडर फिर भी अव्यवस्था हावी

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के सिविल विभाग में अधिकारियों कर्मचारियों की कमी से अव्यवस्थाएं चरम पर हैं जिस पर अंकुश लगाना इन अधिकारियों के बस में नहीं साथ ही विद्युत गृह के मुख्य अभियंता मंडल कर्मचारी की परेशानियां से अनभिज्ञ बने हैं उन्हें सिर्फ कर्मचारियों के बलबूते विद्युत उत्पादन का श्रेय हासिल करना है। कॉलोनी के छम्-टाइप में विगत 6 माह से नाली में बना पुल टूट गया जिसका ठेका होने के बाद भी आधा कार्य कर ठेकेदार ने छोड़ दिया जिससे कॉलोनी वासी पैदल भी रोड पर नहीं कर पा रहे शिकायत करने पर बेतुका बयान सिविल अधिकारियों द्वारा दिया जाता है। सिविल विभाग की निषक्रियता से मंडल आवासों मे अवैध कब्जा वर्षों से होता रहा है मंडल आवासों को कुछ अराजक तत्वों द्वारा ऊंचे दामों पर बेचकर पैसा कमाने का कारोबार कर रहे हैं इसी प्रकार मंडल आवास




एवं उसके परिक्षेत्र में अवैध शराब बिक्री सट्टा का कारोबार मंडल कर्मचारी के लिए चुनौती बना हुआ है इन्ही मंडल आवासो के पुरानी डीई कॉलोनी एवं बाजार क्षेत्र में बरसों से कुछ सटोरिया सट्टे का कारोबार खुलेआम कर रहे हैं किंतु सिविल विभाग व मुख्य अभियंता मंडल के कॉलोनी परिक्षेत्र में स्थापित पुलिस थाने में किसी प्रकार की कार्यवाही हेतु कभी भी पत्र व्यवहार नहीं किया जाता जिससे परिक्षेत्र में अराजकता बढ़ती जा रही है।

### हर माह लाखों का टेंडर फिर भी अव्यवस्था

ताप विद्युत गृह में हर माह लाखों रुपए का ठेका कार्य जिसमें साफ सफाई बिजली व्यवस्था मनोरंजन पार्क आदि में खर्च होता है फिर भी जमीनी हकीकत देखने लायक है पूरे कॉलोनी में जगह-जगह कचरा का ढेर खंडहर व गंदगी से भरे क्लब जंगल बने पार्क कॉलोनी की सड़कों में अंधेरा एक कचरा गाड़ी से पूरे आवासीय कॉलोनी का कचरा इकट्ठा होना प्रबंधन की लचर व्यवस्था को दर्शाता है। ताप विद्युत गृह परिसर में खुले आम कबाड़ का कारोबार चल रहा है जो मंडल आवासो को खोखला कर खंडहर में तब्दील कर दिया है ताप विद्युत के परिसर में दर्जनों की संख्या में कबाड़ी घूम घूम कर कबाड़ के नाम पर रेकी कर माल पार करते हैं मंडल आवासों में पूर्व में रिकॉर्ड तोड़ चोरियां भी हुई किंतु मंडल प्रबंधन व थाना महकमा अनभिज्ञ बने हुए हैं।

खबर संक्षेप

## दो बाइकों की टक्कर में बीएलओ घायल

**कटनी।** रविवार को कटनी नदी पुल के पास एक सड़क हादसे में दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर में स्लीमनाबाद के बीएलओ अशोक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल स्लीमनाबाद अस्पताल ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और दुर्घटना के कारणों की जाँच शुरू कर दी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुँचा। फिलहाल घायल अशोक सिंह की हालत स्थिर बताई जा रही है।

## देशी कट्टा एवं कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राखी पांडेय टीम के साथ दुबे कॉलोनी के पास गश्त कर रही थीं, तभी एक संदिग्ध युवक पुलिस वाहन को देखकर नदी की ओर भागने लगा। पुलिस दल ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अमित दाहिया 40 निवासी बैलट घाट बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ, जिसके लिए वह कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 994/2025, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी पर पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। कार्रवाई में एसआई कुलदीप सिंह, प्र.आर. वीरेंद्र तिवारी की भूमिका रही।

## अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी एसआईआर प्रक्रिया

**कटनी।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की भारत निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी है। इस संबंध में आयोग ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार को संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार मध्यप्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी। इसके अनुसार अब 11 दिसम्बर 2025 तक एन्युमरेशन फार्म भरने का काम बीएलओ द्वारा किया जाएगा। 16 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 14 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए नवीन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर जाएंगे। इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा।

## आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु कर्मचारियों को सौंपे दायित्व

**कटनी।** गीता जयंती के अवसर पर 1 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे सीएम.राइज मॉडल स्कूल झिंझरी मे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिक निगम कटनी के माध्यम से की जानें आवश्यक कार्यवाही हेतु उपायुक्त श्री शैलेष गुप्ता ने निगम के विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे जाकर समस्त व्यवस्थाएं तय समय पर पूर्ण करानें के निर्देश दिए है। उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा जारी आदेशानुसार कार्यक्रम स्थल पर बच्चों की बैठक व्यवस्था का दायित्व प्रभारी कार्यपालन यंत्री असित खरे को सौपा जाकर उनके साथ विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम को संलग्न किया गया है।

# कमला नर्सिंग कॉलेज में मनाया गया एड्स दिवस

बिरसिहपुर पाली उमरिया

पाली नगर में स्थित कमला नर्सिंग कॉलेज में आज ऐड्स दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से एड्स की जानकारी दी गई और संस्था प्रमुख द्वारा बताया गया कि एड्स खुद में कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह एचआईवी संक्रमण का अंतिम चरण है। एड्स के मरीज के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंजू अरोड़ा ,प्रियंका पटेल , शिल्पा जोस, खुशबू सिंह, देवेन्द्र द्विवेदी आदि शिक्षक मौजूद रहे!






## गीता जयंती के अवसर पर पीटीएस उमरिया में गीता पाठ का विशेष सत्र संपन्न



उमरिया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन तथा मुकेश वैश्य, पुलिस अधीक्षक पीटीएस उमरिया के मार्गदर्शन में पीटीएस उमरिया में गीता जयंती के अवसर पर गीता पाठ विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिंडोरी से प्रेमावतार प्रभु, श्रीनिवास आचार्य दास प्रभु, हरिकेश प्रभु, करन प्रभु द्वारा श्रीमद्भागवद् गीता यथारूप के सार के बारे में बताया। डिंडोरी की प्रभु टीम को पुलिस अधीक्षक पीटीएस उमरिया/इकाई द्वारा सॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया । गीता पाठ विशेष सत्र में हिमांशु चौबे, उप पुलिस अधीक्षक (आंतरिक प्रशिक्षण) लवली सोनी, उप पुलिस अधीक्षक (प्रशासन), राम दुलारे प्रजापति, प्रभारी रक्षित निरीक्षक पीटीएस उमरिया सहित इकाई के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों एवं प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

# विश्व एड्स दिवस पर तहसील विधिक सेवा समिति बुढार द्वारा ग्राम पंचायत सिरौंजा में विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन





बुढ़ार।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सिरौंजा में तहसील विधिक सेवा समिति बुढार द्वारा विधिक जागरूकता शिविरका आयोजन किया गया।

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष काशीनाथ सिंह के कुशल दिशा निर्देशन पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर अवसर पर - जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति बुढ़ार सुशील कुमार अग्रवाल, तथा व्यवहार न्यायाधीश बुढ़ार —श्रीमती आकांक्षा तेकाम, ऋषव दीक्षित व लक्ष्मण रोहित की उपस्थिति में ग्राम पंचायत वासियों को एड्स से बचाव, कानूनी अधिकार, पॉक्सो अधिनियम, संविधान से संबंधित प्रश्नो के उत्तर, डिजिटल अरेस्ट, मौलिक अधिकार तथा अन्य महत्वपूर्ण विधिक विषयों पर माननीय न्यायाधीश ने जानकारी दी।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह रहा कि - पंचायतवासी स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और प्रदत्त करायी जा रही विधिक जानकारी से भरपूर जागरूक हो सके, और अपने अधिकारों के साथ-साथ सामाजिक व कानूनी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें। शिविर अवसर पर - ग्राम पंचायत सिरौंजा के सरपंच रामराज कोल तथा विधिक सेवा समिति, सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास कुशवाहा तथा ग्रामीण जनों की भारी उपस्थिति रही।

# खाड़ा रामपुर ओसीएम में धांधली! 7 हजार रुपए प्रति ट्रक वसूली के बाद ही होता है कोयले का डिस्पैच, टेक्निकल इंस्पेक्टर और प्रबंधन पर गंभीर आरोप

धनपुरी।



सोहागपुर एरिया की चर्चित खाड़ा रामपुर ओपनकास्ट माइंस (ओसीएम) में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। आरोप है कि यहाँ से नियम-कानून को दरकिनार कर खुलेआम रोड सेल से कोयले का डिस्पैच किया जा रहा है। इस पूरे खेल में टेक्निकल इंस्पेक्टर और प्रबंधन के बीच कमीशनखोरी होने की बातें उजागर हुई हैं।सूत्रों की मानें तो खाड़ा रामपुर ओसीएम से कोयले की सप्लाई पाने के लिए उपभोक्ताओं को 7 हजार रुपए प्रति ट्रक अतिरिक्त खर्च देना पड़ता है। स्थानीय उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि यह पूरा सिस्टम ₹पेमेन्ट दो–कोयला लो₹ की तर्ज पर चल रहा है। कई उपभोक्ताओं ने इस भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत एसईसीएल प्रबंधन से की है और नामजद व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जिन लोगों की जिम्मेदारी पारदर्शिता सुनिश्चित करने की है, वही लोग अनियमितताओं को बढ़ावा दे रहे है।अब देखना होगा कि एसईसीएल प्रबंधन इस गंभीर आरोपों पर क्या कार्रवाई करता है या फिर शिकायतों को हमेशा की तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।



# धूमधाम से मनाया गया विश्व एड्स दिवस

## जागरूकता रैली और शिविर ने दिया 'जानकारी ही सुरक्षा' का संदेश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर की अध्यक्ष श्रीमती माया विश्वलाल महोदया एवं सचिव विनोद कुमार वर्मा के निर्देशन में जिला चिकित्सालय परिसर जोश और उत्साह से गूंज उठा। विश्व एड्स दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर एवं जागरूकता रैली का शानदार आयोजन हुआ, जहाँ 'एड्स से डर नहीं, समझ से लड़ें!' का जोरदार संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा,"ज्ञान ही वह टीका है जो भ्रांतियों से बचाता है। अधिक से अधिक लोगों तक यह संदेश पहुँचाओ!" जिला क्षय अधिकारी एस.सी. राय ने स्पष्ट किया कि एड्स रक्त संक्रमण, असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई या माँ से बच्चे में फैलता है। "सावधानी ही असली कवच है," उन्होंने जोर देकर कहा, "थोड़ी सी सतर्कता जीवन बदल सकती है!"एड्स काउंसलर राहुल सिंह चंदेल ने बताया कि अनूपपुर जिले में जिला जेल सहित 22 स्थानों पर आई.सी.टी.सी. सेंटर हैं, जहाँ निःशुल्क जाँच उपलब्ध है। यह सुविधा हर नागरिक को सुरक्षित भविष्य की गारंटी देती है। इस जोशीले आयोजन में सी.एम.एच.ओ. श्रीमती अल्का तिवारी, सिविल सर्जन एस.एन. परस्ते, नर्सिंग कॉलेज प्राचार्य श्रीमती रेनू सिंह, टेक्नीशियन भाईलाल पटेल सहित डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और नर्सिंग विद्यार्थी उपस्थित रहे। समापन पर सभी ने एकजुट होकर नारा लगाया कृ"एड्स से नहीं, अज्ञान से डरिए। जागरूक बनिए, सुरक्षित रहिए!" उक्त कार्यक्रम में सी.एम.एच.ओ श्रीमती अल्का तिवारी, सिविल सर्जन एस.एन. परस्ते, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती रेनू सिंह, टेक्नीशियन भाई लाल पटेल सहित अस्पताल के डॉक्टर्स नर्सिंग स्टॉफ सहित शासकीय नर्सिंग कॉलेज के नर्सिंग विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# ब्लैकमेलिंग में पकड़े गए आरक्षकों पर मेहरबान विभाग

शहडोल।




शहडोल से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने वर्दी की साख पर गहरा धब्बा लगा दिया है। फिल्मी अंदाज़ में दो आरक्षकों द्वारा एक युवक-युवती की निजी घड़ी का वीडियो बनाकर तीन लाख रुपये ऐंठने की घटना सामने आई। शिकायत पहुंचते ही दोनों को निलंबित तो कर दिया गया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि ब्लैकमेलिंग जैसे गंभीर आरोपों के बावजूद दोनों पर किसी भी तरह का आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया। मामला उठते ही कई सवाल अब सीधे पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर उंगली उठाने लगे हैं।

जिला मुख्यालय के कोतवाली थाने में पदस्थ आरक्षक पप्पू यादव और आलोक मिंज पांडवनगर क्षेत्र की बीट देख रहे थे। जानकारी के मुताबिक दोनों को कुछ दिन पहले पता चला कि पड़ोसी जिले का एक युवक किराए के मकान में अपनी परिचित युवती के साथ ठहरा हुआ है। मौका पाते ही दोनों वर्दीधारी कमरे में घुस गए और बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के युवक-युवती की निजी स्थिति का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया। इसके बाद शुरू हुआ ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू होगा, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर तीन लाख रुपये की मांग हुई।

युवक भी इतनी फजीहत के डर में आ गया कि तत्काल परिचितों से पैसे की व्यवस्था कर आरोपित आरक्षकों को थमा दिए, लेकिन मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। जब परिचितों ने रकम की वजह पूछी, तब पूरा सच सामने आया और युवक को वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने की सलाह दी गई। पीड़ित युवक प्रमाणों सहित एसपी रामजी श्रीवास्तव के पास पहुंचा। जांच के दौरान दोनों आरक्षक पहले तो अनभिज्ञता जताते रहे, मगर तथ्य सामने रखे जाने पर पैसे लेने की बात स्वीकार कर बैठे। इसके बाद एसपी ने दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर यही कृत्य कोई आम नागरिक करता, तो क्या पुलिस केवल निलंबन जैसी 'कोमल कार्रवाई' करती? पुलिस पहले सीधे ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज करती, आरोपी को थाने में बंद किया जाता और एफआईआर में गंभीर धाराएं जोड़ दी जातीं। मगर जब खुद वर्दीधारी दोषी पाए गए, तो उन पर किसी स्पेशल एक्ट की आड़ में आपराधिक प्रकरण क्यों नहीं बनाया गया? क्या यही समान कानून? क्या यही पुलिस की तथाकथित निष्पक्षता?

विभागीय सूत्र दावा कर सकते हैं कि शिकायत नहीं हुई, लेकिन सवाल अपने आप खड़ा हो जाता है कि अगर शिकायत नहीं हुई, तो फिर निलंबन किस आधार पर और यदि शिकायत के आधार पर कार्रवाई हुई, तो फिर एफआईआर दर्ज न करना किसकी ढाल बन रहा है? ब्लैकमेलिंग, जबरन वसूली और दुरुपयोग ये सब भारतीय दंड संहिता में स्पष्ट रूप से अपराध हैं, तो फिर वर्दीधारियों के लिए कानून का दूसरा रूप क्यों? यह मामला केवल दो आरक्षकों की करतूत नहीं है, बल्कि पूरे पुलिस तंत्र की जवाबदेही पर सीधा प्रहार है। यदि वर्दी की आड़ में अपराध करने वालों पर भी वही कठोर धाराएं नहीं लगेंगी, जो आम नागरिकों पर लगती हैं, तो कानून पर जनता का भरोसा कैसे बचेगा? शहडोल की इस घटना ने पुलिस विभाग की दोहरी नीति को उजागर कर दिया है।

# जल संचय अभियान के तहत बोरी बंधान कार्यक्रम संपन्न



उमरिया।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अंतर्गत ब्लॉक करकेली के सेक्टर-3 उमरिया में जल संचय अभियान के अंतर्गत जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला के निर्देश एवं परामर्शदाता जयभारती साहू के नेतृत्व मे सेक्टर 3 के सीएमसीएलडीपी छात्र/छात्राओं द्वारा बोरी बंधान कर जल संचय अभियान कार्य किया गया।

ग्राम धौरखोह के प्राचीन हनुमान मंदिर के पास नदी मे सभी छात्र छात्राओं एवं ग्राम वासियों द्वारा सामुदायिक रूप से संपन्न किया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता संतोष त्रिपाठी द्वारा विशेष सहयोग से बड़ी मात्रा में जल को व्यर्थ बहाने से रोका गया एवं पशुओं के पानी पीने की व्यवस्था की गई। जन अभियान परिषद उमरिया विकास खंड करकेली के सेक्टर 3 की पुरी टीम द्वारा ग्राम वासियों को जल के महत्व के बारे में बताया गया । कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राएं माधुरी,कल्पना, प्रियंका, प्रतिभा, श्रद्धा, वैष्णवी, रेखा,आकांक्षा, रोशनी, सुजीत, जतिन, विकास, पवन, राजकुमार, महेंद्र, पंकज, हरीश, संजय, रुक्मणि, दिव्या ने सहयोग किया।

# एसडीओपी ने बच्चों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार मुस्कान विशेष अभियानजिसका मुख्य उद्देश्य गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी सुनिश्चित करना तथा स्कूलों मै छात्र -छात्राओं को महिला सुरक्षा, बाल विवाह, पास्को एक्ट, सायबर अपराध एवं सामाजिक दुष्प्रवृत्तियों से बचाव हेतु जागरूक करना हैं!इसी क्रम अभियान के तहत शनिवार को बहोरीबंद के महावीर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओर कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास मै जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के द्वारा विद्यार्थियों को गुड टच – बैड टच की जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम, सायबर अपराध, सोशल मीडिया पर अनुचित सामग्री साझा करने के दुष्परिणाम एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया गया।बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या या शोषण की स्थिति में डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1090 तथा बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 पर तत्काल संपर्क करने की जानकारी दी।एसडीओपी ने छात्राओं को जागरूक करते हुये कहा कि जब भी आपके साथ कोई किसी भी प्रकार की घटना के लिए दुस्साहस करता है तो तत्काल विरोध करें।यदि रास्ते मे,बाजार मे वाहन मैं कोई छेड़छाड़ करता है तो तत्काल शोर मचाये, आसपास के लोगो को बताये।घटना को दबाए नही ताकि समय रहते उनके नापाक हौसलों को पस्त किया जा सके।

# एसडीएम ने उपार्जन केंद्र प्रभारियों एवं प्रबंधकों की बैठक में दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य 1 दिसंबर यानि आज से शुरू होगा ।धान खरीदी की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 है। बहोरीबंद विकासखंड मै धान खरीदी कार्य को लेकर जनपद सभागार बहोरीबंद मै एसडीएम ने केंद्र प्रभारियों की बैठक ली व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए!खरीदी केंद्रों मै बिचौलियों के आने को लेकर पहले से ही प्रशासनिक कसावट शुरू कर दी गई है।बैठक मे एसडीएम ने दो टूक लहजे मैं केंद्र प्रभारियो को निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों मैं केवल पंजीकृत किसानो की ही उपज खरीदी करें, बिचौलियों को केंद्रों मैं सक्रिय न होने दे।यदि बिचौलियों के सक्रिय होने की जानकारी मिली तो संबंधित केंद्र प्रभारी पर कारवाई प्रस्तावित की जाएगी। वास्तविक किसानों से ही धान क्रय करे वा उनसे आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करे। इसके साथ ही एफएक्यू स्कंध का क्रय करने, दैनिक आवक की जानकारी देने ,वाहन के वितरण, तथा दैनिक रूप से लगने वाले ट्रक की जानकारी एवं परिवहन में आने वाली समस्याओं के बारे में बताने हेतु निर्देशित किया ।

मौसम के बदलाव को देखते हुए बारिश से बचाव करने हेतु केंद्रों मैं तिरपाल आदि की व्यवस्था तथा पर्याप्त श्रमिक रखने हेतु कहा गया।

सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बहोरीबंद विकासखण्ड में 26 खरीदी केन्द्रों का निर्धारण किया गया है।बहोरीबंद विकासखण्ड मैं स्लीमनाबाद व बहोरीबंद दो तहसील है।जिसमे समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए 26 खरीदी केंद्र है बनाये गए है।स्लीमनाबाद तहसील मैं तेवरी, स्लीमनाबाद, धरवारा,धूरी, पडरभटा, भूला, कौड़िया,जुजावल व बहोरीबंद तहसील में कुआँ,केवलारी, कूडन, देवरी (खरगवाँ ),पथराड़ी पिपरिया, बरही (बाकल), बहोरीबंद, सिदुरसी, बाकल, सिहुँडी,मसंधा, हथियागढ़, बचैया,कूड़ा व इमलिया केंद्र है।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, तहसीलदार नेहा जैन सहित खरीदी केंद्र प्रभारियों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग बालिका के दुष्कर्मी को 20 वर्ष की सजा




**कोतमा।** विशेष पॉक्सो न्यायालय कोतमा की अदालत द्वारा 14 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म के आरोपी सजनलाल चौधरी को 20 वर्ष की कठोर सजा से दंडित किया गया है। इसके अलावा अर्थदंड भी लगाया गया है। थाना कोतमा के अपराध क्रमांक 491/2018 मे धारा 376(2)एन, एफ, 376(3), 376(घ)क में एवं पोक्सो एक्ट धारा 5(छ)(ट) (ढ)/6 में दोषी पाते हुए आरोपी सजनलाल चौधरी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500 रुपए के अर्थदंड से दोषसिद्धि हुई है। अभियोजन की ओर से वृंदा चौहान द्वारा पैरवी की गई। जानकारी देते हुए बताया कि घटना 13 दिसंबर 2018 की है। सजनलाल चौधरी अपने साथी विजय घासीया के साथ 14 वर्षीय पीड़िता को बहला फुसला कर अपने मोटर सायकल में बैठाकर गोडारु गांव के जंगल में ले जाकर जबरदस्ती बलात्कार किया। दरिंदगी का शिकार हुई किशोरी के द्वारा डरी सहमी घटना की जानकारी परिजनों को दिया। शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण की सुनवाई हेतु चार्जशीट न्यायालय में पेश किया गया। दस्तावेजों और गवाहों को पेश किया गया। अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर अभियुक्त सजनलाल चौधरी को 20 वर्ष की सजा से दोषसिद्धि किया गया है। अभियोजन की ओर से पैरवी एडीपीओ वृन्दा चौहान द्वारा की गई है। विदित रहे कि किशोरी के साथ हुई हैवानियत भरी घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त रहा परिजन एवं गांव के लोग कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर लगातार थाना पहुंच रहे थे।

### यमराज ने अनोखे अंदाज मे पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देश पर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले में एक अनूठी पहल देखने को मिली। शहडोल से आए आर्टिस्ट प्रकाश राव ने यमराज का रूप धारण कर बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट चलने वाले वाहन चालकों को रोककर यातायात का विशेष पाठ पढ़ाया। यमराज के आकर्षक और हास्य-भरे अंदाज को देखकर राहगीर भी रुककर नियमों की जानकारी लेते नजर आए। "हेलमेट ना पहनकर तुमने मुझे फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी है,एक्सेप्ट कर लू क्या? जैसे डायलॉग ने लोगों का ध्यान खींचा। यह विशेष जागरूकता अभियान पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश पर आयोजित किया गया। शहर के प्रमुख स्थानों पर यह गतिविधि पूरे दिन आकर्षण का केंद्र बनी रही। विशेष अभियान रेलवे स्टेशन तिराहा, बस स्टैंड, सामतपुर, कलेक्ट्रेट ऑफिस मुख्य मार्ग, अंडरब्रिज तिराहा,इंद्रा तिराहा आदि विभिन्न स्थानों पर चलाया गया। हर स्थान पर यमराज लोगों को रुकवाकर हंसी-ठिठोली के साथ समझाते दिखे। इस अभियान से बड़ी संख्या में लोगों ने यातायात नियमों का महत्व समझा।

### अमरकंटक के संत रामदास का महाराष्ट्र में निधन

**अमरकंटक।** अमरकंटक के पंचधारा में पिछले 35 वर्षों से तपस्या कर रहे संत रामदास का रविवार रात को निधन हो गया है। उन्हें लगभग



5000 भाषाओं का ज्ञान होने का दावा किया जाता है, जिसे उन्होंने एक पुस्तक में भी लिपिबद्ध किया गया है। उनके निधन से उनके शिष्यों और भक्तों में शोक का माहौल है। संत रामदास को 5000 भाषाओं का ज्ञान होने की बात कही जाती थी। उन्होंने इस ज्ञान को अपनी एक पुस्तक में संकलित भी किया था। अमरकंटक को प्राचीन काल से ही संत-महात्माओं की तपोस्थली के रूप में जाना जाता रहा है और संत रामदास भी इसी परंपरा का हिस्सा थे। पुष्पराजगढ़ के पूर्व विधायक सुदामा सिंह ने संत रामदास के निधन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराज के कई शिष्य और भक्त जिले के भीतर और बाहर से उनसे जुड़े हुए थे। स्वास्थ्य खराब होने के बाद उन्हें महाराष्ट्र के बुलडाना स्थित चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां उनका स्वर्गवास हो गया। संत रामदास का अंतिम संस्कार उनकी जन्मस्थली लावा घुघरी, पांढुरना, छिंदवाड़ा में किया जाएगा।

## आईएएस अधिकारी के विवादित बयान पर ब्राह्मण समाज में तेज 'उबाल'

# संतोष वर्मा के बिगड़े बोल पर आज विप्र समाज का हल्ला बोल

### आज मातृशक्ति सहित हजारों विप्रजन करेंगे पुतला दहन

### ज्ञापन सौंपकर प्रशासन को किया जाएगा सतर्क

### संतों, समाजसेवियों और युवाओं का समर्थन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Virat Bhoomi - 29 Nov 2025 - Page 4

बेटियों पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में जिले में भी उबाल

संतोष कुमार वर्मा पर कड़ी कार्रवाई की मांग

विप्र समाज में तीखा रोष, 2 दिसंबर को करेंगे पुतला दहन व घेराव

कोतमा में भी ब्राह्मण समाज ने जताया आक्रोश

अनूपपुर में भारी विरोध, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




संतोष वर्मा द्वारा दिए गए कथित आपत्तिजनक बयान को लेकर विप्र समाज अनूपपुर एवं एकीकृत ब्राह्मण समाज में तीव्र रोष व्याप्त है। इसी संदर्भ में शनि धाम परिसर में समाज की एक विशाल बैठक आयोजित हुई, जहाँ मातृशक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति ने विरोध को और अधिक सशक्त बनाया। बैठक में सामाजिक अस्मिता की रक्षा के लिए एकजुट होकर दृढ़ संकल्प व्यक्त किया गया। विप्र समाज के संयोजक पंडित रामनारायण द्विवेदी ने कहा कि संतोष वर्मा का कथित बयान किसी एक




व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे सवर्ण एवं ब्राह्मण समाज की गरिमा पर प्रहार है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपकर समाज की भावनाओं से अवगत कराया जा चुका है।

### एफआईआर न होने पर उग्र आंदोलन

सभा में वक्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा सात दिन का नोटिस दिए जाने के बाद भी यदि संतोष वर्मा पर एफआईआर दर्ज नहीं होती है, तो समाज प्रदेश एवं जिला स्तर पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आज दोपहर 2 बजे शनि धाम में विशाल सभा आयोजित की जाएगी। सभा में निंदा प्रस्ताव पारित कर संतोष वर्मा का पुतला दहन किया जाएगा। मातृशक्ति की भारी उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है, ताकि यह एकजुटता का दृढ़ संदेश प्रशासन तक पहुंचे। कार्यक्रम में महंत देवाचार्य (प्रयागराज वैष्णव आश्रम) एवं अद्भुत महाराज (पौराणिक कथा वाचक) ने समर्थन व्यक्त करते हुए उपस्थिति का आश्वासन दिया। इसी क्रम में युवा सामाजिक कार्यकर्ता मयंक त्रिपाठी ने भी दूरभाष के माध्यम से अपने दल सहित आंदोलन में भाग लेने की सहमति दी।

### उपस्थित रहे समाज के प्रमुख सदस्य

संयोजक पंडित रामनारायण द्विवेदी ने जिले एवं बाहर रह रहे सभी विप्र बंधुओं-बहनों से 2 दिसंबर को अपराह्न 1 बजे शनि धाम चेतना नगर में एकत्र होने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज को संतोष वर्मा के कुत्सित कथन से गहरी पीड़ा हुई है। प्रदेश भर में विरोध जारी है, परंतु अब तक न तो एफआईआर हुई और न ही उन्हें पद से हटाया गया। अतः कल सभी विप्रजन 'जय परशुराम' के उद्घोष के साथ शनि धाम पहुंचें और इंदिरा चौराहा में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपें। बैठक में प्रमुख रूप से पंडित रामनारायण द्विवेदी, पंडित चैतन्य मिश्रा, पंडित विद्याधर पांडे, पंडित कन्हैया लाल मिश्रा, पंडित सुरेश शुक्ला, पंडित जितेंद्र पांडे, पंडित संदीप मिश्रा, पंडित जयप्रकाश पांडे, पंडित बाबूलाल पाठक, पंडित अरविंद मिश्रा, पंडित मधुकर चतुर्वेदी, पंडित अयोध्या प्रसाद तिवारी, पंडित प्रदीप पांडे, पंडित शेषनारायण शुक्ला, पंडित मधुसूदन द्विवेदी, पंडित रोहिणी तिवारी, पंडित सतेन्द्र द्विवेदी, पंडित सुजीत शुक्ला, पंडित दिलीप शर्मा, पंडित सुमति नारायण पांडे, पंडित अमित मिश्रा, पंडित देवानंद शुक्ला सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं विप्रजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संयोजक पंडित रामनारायण द्विवेदी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### 28 नवंबर को भी जता चुके विरोध

ज्ञात हो कि इससे पहले 28 नंबवर शुक्रवार को जिले के कई स्थानों से बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग एकजुट हुए और उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें आईएएस अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई थी। ज्ञापन सौंपने के लिए जिले के चचाई, अमलाई, राजेंद्रग्राम, जैतहरी और कोतमा बिजुरी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से ब्राह्मण समाज के सदस्य, एवं मातृशक्तियां बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुई थी। मांग की गई थी कि आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा को तत्काल बर्खास्त कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए, एवं ऐसे अधिकारी को पद मुक्त कर जेल में डाला जाए जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। समाज में जहर घोलने का कार्य ऐसे अधिकारी को अशोभनीय है जिसके कारण जिले भर के संपूर्ण ब्राह्मण समाज में रोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

## प्रलेस की पुस्तक 'गूँज' के विमोचन समारोह में गंभीर विवाद

## पीड़िता की माँ ने बुद्धिजीवी वर्ग पर लगाया संवेदनहीनता का आरोप



### पीड़िता की माँ और सामाजिक कार्यकर्ताओं का तीन घंटे का शांतिपूर्ण आंदोलन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

सामाजिक कार्यकर्ता वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद संजय चौधरी ने बताया कि 30 नवंबर को होटल मंदाकिनी में आयोजित प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेस) की पुस्तक 'गूँज' के विमोचन समारोह ने आज साहित्यिक उत्सव की जगह विवाद का रूप ले लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित एक आरोपित व्यक्ति को लेकर प्रतिभागियों एवं सामाजिक वर्ग के बीच तीखी बहस और विरोध की स्थिति उत्पन्न हो गई।

### ऐसे हुई विवाद की शुरुआत

कार्यक्रम के दौरान जानकारी सामने आई कि मंच के पास मौजूद एक व्यक्ति पर एक 10 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का गंभीर आरोप दर्ज है, और वह लगभग 9 माह की न्यायिक हिरासत के बाद वर्तमान में जमानत पर है। आरोप की संवेदनशील प्रकृति के कारण कुछ प्रतिभागियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस बात पर आपत्ति जताई कि ऐसे आरोपित व्यक्ति को साहित्यिक समारोह के मंच के समीप उपस्थित होने की अनुमति क्यों दी गई। कुछ उपस्थित लोगों के अनुसार आरोपित की रचना पुस्तक "माटी" कि 'विमोचन' भी कार्यक्रम का हिस्सा थी, जो समाज के एक वर्ग के लिए असहजता और आक्रोश का कारण बनी।

### आयोजकों और 'बुद्धिजीवियों' का रुख

सूत्रों के मुताबिक, विरोध दर्ज कराने पर कार्यक्रम से जुड़े कुछ बुद्धिजीवियों ने यह कहते हुए आरोपित व्यक्ति की उपस्थिति का समर्थन किया कि जब तक न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध नहीं होता, किसी भी नागरिक को सामाजिक, साहित्यिक या सार्वजनिक गतिविधियों से दूर रखना उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। उनका कहना था कि समाज को 'अपराध सिद्ध होने से पहले अपराधी' कहने से बचना चाहिए और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हर व्यक्ति को प्राप्त है। विरोध कर रहे सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस तर्क को कड़ी आपत्ति के साथ खारिज करते हुए कहा,"कानूनी अधिकार अपनी जगह सुरक्षित हैं, लेकिन इतने संवेदनशील प्रकरण में पीड़ित परिवार की भावनाओं को नज़रअंदाज़ कर किसी आरोपित को सार्वजनिक मंच देना न्याय और संवेदनशीलता दोनों का अपमान है। विरोधियों ने यह भी कहा कि समाज के प्रभावशाली वर्ग द्वारा ऐसे आरोपित व्यक्ति को मंच देना यह दर्शाता है कि सामाजिक नैतिकता पर कानून की ठंडी व्याख्याएं भारी पड़ रही हैं, जो पीड़िता के परिवार के लिए मानसिक और सामाजिक रूप से अत्यंत कष्टदायक है।

### तीन घंटे का शांतिपूर्ण आंदोलन

घटना से आहत पीड़िता की माँ, जो कि एक आदिवासी महिला हैं, ने तुरंत कार्यक्रम स्थल के बाहर शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू कर दिया। उनके साथ वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद संजय चौधरी, तथा आदर्श, गांधी, संजय विश्वास, राजा, राज, प्रकाश और राहुल नामक समाजसेवी शामिल हुए। इन सभी ने मिलकर लगभग तीन घंटे तक होटल मंदाकिनी के सामने शांतिपूर्ण धरना दिया और कार्यक्रम में आरोपित की उपस्थिति को सामाजिक संवेदनहीनता की पराकाष्ठा बताया। पीड़िता की माँ ने कहा, मैं एक साल से न्याय के लिए दर-दर भटक रही हूँ। मेरी बच्ची के साथ जो हुआ, वह कोई सामान्य घटना नहीं है। लेकिन आज जिस तरह एक आरोपित को सम्मान दिया गया, वह मेरे घावों पर नमक छिड़कने जैसा है। मुझे यह देखकर और चोट लगी कि स्वयं को बुद्धिजीवी कहने वाले लोग भी आज एक माँ के दर्द के विरुद्ध खड़े हैं। उन्होंने इस घटना को केवल व्यक्तिगत पीड़ा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और नैतिकता पर बड़ा प्रश्नचिह्न बताया। 'समाज के लिए बड़ा सवालः संवेदनशीलता बनाम कानूनी अधिकार यह विवाद अनूपपुर में एक महत्वपूर्ण बहस को जन्म देता है, क्या समाज की जिम्मेदारी सिर्फ कानूनी ढांचे तक सीमित है, या सामाजिक संवेदनशीलता, नैतिक मूल्य और पीड़ित पक्ष की भावनाएँ भी निर्णयों का हिस्सा होनी चाहिए। जहाँ एक ओर बुद्धिजीवी वर्ग संविधान और मौलिक अधिकारों की बात करता है, वहीं दूसरी ओर पीड़िता पक्ष का दर्द यह दर्शाता है कि नैतिकता, सहानुभूति और न्याय के बीच संतुलन अभी भी समाज के सामने एक चुनौती है। अंत में' गूँज' पुस्तक के विमोचन समारोह में उठे इस विवाद ने साहित्यिक क्षेत्र के भीतर एक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा कर दिया है, क्या साहित्यिक मंचों का दायित्व केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा तक सीमित है, या समाज की संवेदना और पीड़ितों की आवाज़ को भी उसमें स्थान मिलना चाहिए। इस घटना ने निश्चित रूप से यह सोचने पर मजबूर किया है कि समाज में 'बुद्धिजीवी' कहलाने वाले वर्ग को अपनी भूमिका के प्रति अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील होने की आवश्यकता है।



### 15 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम संपन्न

## व्यक्तित्व विकास से राष्ट्र निर्माण तक के विषयों पर प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के राजनीतिक विज्ञान विभाग के सात छात्रों ने प्रणाम नर्मदा युवा संघ में 15 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रवेश लेकर समाज सेवा के विभिन्न आयामों पर अनुभव प्राप्त किया द्य नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों को अनिवार्य रूप से इंटर्नशिप करना होता है, इसी के अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय के राजनीति विभाग के विद्यार्थी दिव्या चौकसे, मीना बैगा, नेहा कुमारी, आरजू साहू, शिवानी सिंह, भारती कोरी, मो. इमरान यह ने इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु प्रनयुस में अपना प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षुक छात्रों को प्रनयुस द्वारा संचार कौशल, लेखन कला, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, फील्ड वर्क के नियम, सिद्धांत, कौशल विकास कार्यक्रम, मूर्ति कला, जैविक तथा बहु स्तरीय कृषि, करियर काउंसलिंग, ग्राम संवाद, बेसलाइन सर्वे, सामाजिक आर्थिक मूल्यांकन नजैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रत्येक दिवस सैद्धांतिक तथा प्रयोग प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान प्रशिक्षुक छात्रों ने माँ नर्मदा तट में दमगढ़ से अमरकंटक तक के परिक्रमा पथ पर हस्तलिखित सूचना पटल का लगाया गया, ताकि किसी भी परिक्रमावासी की परिक्रमा खंडित नही हो सके।

### सामाजिक उत्तरदायित्व के बोध के साथ समापन

प्रशिक्षुक छात्रों के प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम में सभी को प्रमाण पत्र तथा पौधा भेंट करके सम्मानित किया गया साथ ही उनके भविष्य के उज्ज्वल कामना के साथ कार्य को सम्पन्न किया। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डॉ विकास चंदेल, सचिव हरीश कुमार धुर्वे, इंटर्नशिप ऑफिसर माखन सिंह धुर्वे, वरिष्ठ सदस्य निधि सिंह राठौड़, जयश्री वरकडे, श्रवण सिंह, ईश्वर सिंह सहित अन्य स्वयंसेवक एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### अमानक पॉलीथिन पर नहीं लगा प्रतिबंध

## पान की गुमटियों से लेकर होटलों में धड़ल्ले से हो रहा उपयोग

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शासन द्वारा पूरे प्रदेश में अमानक पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन इसके बावजूद भी जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल एवं नगर पालिका क्षेत्रों में अभी तक इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा हैं और न ही कोई कार्यवाही की जा रही है। साथ ही इस ओर जिम्मेदार अधिकारी अमानक पॉलीथिन के प्रति सजग नहीं दिख रहे हैं। जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल क्षेत्र में हर जगह पॉलीथीन का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों मे किराना, होटल, सब्जी व्यापारी सहित फलों के ठेले वाले भी 40 माइक्रॉन से कम मोटाई वाली सिंगल यूज पॉलीथिन का धड़ल्ले से उपयोग कर रहे हैं। बढ़ रहा प्रदूषण शासन द्वारा जिम्मेदार



अधिकारियों को आदेश जारी किया गया था कि सभी को अपने-अपने क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादन, भंडारण, परिवहन, विक्रय और उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध करना और कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बाद भी कोयलांचल क्षेत्र में कार्यवाही नहीं हो रही है। कोतमा नगर पालिका क्षेत्र मे छोटे-बड़े व्यापारियों के साथ दुकानदार भी भारी मात्रा में अमानक पॉलीथिन का भंडारण किए हुए हैं जो आने वाले ग्राहकों को परोस रहे हैं। पॉलीथीन के बढ़ते चलन से जहां प्रदूषण बढ़ रहा है, वहीं बेजुबानों पशुओं की जिंदगी भी खतरे में है।

### कार्यवाही के नाम पर औपचारिकता

नगर पालिका क्षेत्र मे प्रतिबंधित पॉलीथीन और सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री एवं उपयोग करने पर प्रतिबंधित करने की जिम्मेदारी नगर निकायों पर है। इसके परिपालन के लिए निकायों ने अलग-अलग टीम गठित कर रखी है, निरीक्षण के साथ ही दूसरे नपा कर्मी इस टीम में शामिल हैं लेकिन उनकी कार्यवाही कुछ विक्रेताओं तक सीमित रहती हैं। हालांकि कभी कभार नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारियों की टीम कार्यवाही के लिए सब्जी मंडी, दूध दुकान, किनारा स्टोर समेत अन्य जगहों पर औपचारिकता पूरी कर खानापूर्ति तक सीमित हैं। लेकिन उसके अलावा और भी होटल ढाबे संचालित है जहां पर जमकर सिंगल यूज पॉलिथीन का उपयोग किया जा रहा है जिस पर विभाग द्वारा कार्यवाही नही की जा रही है।

### पसान की पेयजल योजना की अव्यवस्था अब जनजीवन के लिए खतरा

# नल-जल योजना पूरी तरह विफल, आमजन बुरी तरह त्रस्त

### 6 महीने से खुले गड्ढे, न पानी मिल रहा न सुनवाई

हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।





नगर पालिका परिषद पसान में संचालित शहरी पेयजल योजना अब नागरिकों के लिए गंभीर परेशानी बन चुकी है योजना का कार्य सेंट्रल इंडिया इंजीनियरिंग, नागपुर को दिया गया था जिसे आगे पेटी कांट्रैक्ट के रूप में अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, भोपाल को सौंपा गया। दोनों एजेंसियों की लापरवाही और अधिकारियों की उदासीनता तथा मिलीभगत के कारण यह योजना राहत के बजाय जनता पर बोझ बन गई है सात वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी कार्य की रफ्तार अत्यंत धीमी है। शहर में जगह-जगह सीसी और बीटी रोड को बिना योजना काटकर अधूरा छोड़ा गया, चेंबर अधूरे हैं, ढक्कन गायब हैं, पाइपलाइनें खुले में पड़ी हैं, नई बनी सड़कें धंस रही हैं और कई मार्ग महीनों से गड्ढों में तब्दील हैं मुख्य सप्लाई लाइन आज तक शुरू नहीं हो सकी है। सबसे गंभीर स्थिति केवई नदी में पानी रोकने के लिए बनाए गए डैम के पहली बारिश में ही बह जाने से सामने आई न उसकी मरम्मत हुई और न ही किसी एजेंसी या अधिकारी ने कोई कार्रवाई की पूर्व में नागरिकों ने कई शिकायतें कीं, लेकिन उनका कोई असर नहीं पड़ा। नागरिकों का कहना है कि पूरा कस्बा धूल, कीचड़ और खुदाई से पटी सड़कों में बदल गया है आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है। जिला अनूपपुर प्रशासन से नागरिकों की मांग है कि जिम्मेदार एजेंसियों और अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करते हुए अधूरे एवं कमजोर गुणवत्ता वाले कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कराया जाए।

### पूरी तरह विफल नल-जल योजना

1 दिसंबर को संवाददाता द्वारा की गई ग्राउंड रिपोर्ट में सामने आया कि नल जल योजना पूरी तरह विफल हो चुकी है। शहर के अधिकांश वार्डों में खुले गड्ढे, टूटी सड़कें, बेकार पड़ी पाइपलाइनें, धंसते रास्ते, और अव्यवस्थित खुदाई ने लोगों का जीवन नारकीय बना दिया है कई नागरिक घायल भी हुए हैं। पसान निवासी कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि नल-जल योजना की लापरवाही से सड़क में एक-एक फीट गहरे गड्ढे बने हुए हैं कई लोग इन गड्ढों में गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए और अस्पताल तक पहुंच चुके हैं। आदिवासी महिला शांति बाई ने कहा कि छह महीने से गड्ढा खोदकर पाइप डालकर छोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया न पानी मिलता है, न कोई अधिकारी सुनता है कई बार हम और छोटे बच्चे इन गड्ढों में गिरकर घायल हो जाते हैं। फूल मती ने बताया कि दीपावली से पहले खोदे गए गड्ढे के कारण कई लोग गिरकर चोटिल हुए हैं। उन्होंने कहाकृइसे देखने-सुनने वाला कोई नहीं है। शिवकुमार ने बताया कि नगर पालिका द्वारा बनाई गई सड़क को नल-जल योजना वालों ने जेसीबी से उखाड़ दिया। कालरी द्वारा बिछाई गई पाइपलाइन को भी पूरी तरह तोड़ दिया गया है न पानी मिल रहा है, न सड़क सही है कहते हैं बना देंगे, पर अब तक नहीं बनाया। दिलीप ने कहा कि पूरा रोड बीच से खोद दिया गया है नई पाइपलाइन डाली जरूर गई है लेकिन चालू नहीं है पुरानी पाइपलाइन तोड़ दी, नई चली नहींकृपानी की भीषण समस्या है वार्डवासियों का जीवन नर्क बन गया है। ग्राउंड रिपोर्ट और नागरिकों के बयान यह साफ दर्शाते हैं कि योजना पूरी तरह असफल है और तत्काल प्रशासनिक हस्तक्षेप अत्यंत आवश्यक है।

### इनका कहना है

काम बंद नहीं है कुछ जगह कार्य जारी है और कुछ स्थानों पर नपा अध्यक्ष राम अवध सिंह के द्वारा कार्य रुकवाया गया है। टूटे हुए डैम को पुनः बनाया जाएगा, लेकिन वर्तमान में वहां पानी होने के कारण कार्य संभव नहीं है।

**विजय सिंह**
**प्रोजेक्ट मैनेजर, शहडोल**